दवा खाकर खत्म कर सकते हैं हाथीपांव और कृमि रोग

सारंगढ़ बिलाईगढ़

कलेक्टर धर्मेश साहू के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एफ आर निराला के निगरानी में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जिले के तीनों ब्लॉक में आईडीए की दवाई खिलाई जा रही है। राज्य शासन ने 2027 तक हाथी पांव (फाइलेरिया) काउन्मूलन करने का निर्णय लिया है। पिछले 2 वर्ष तक जिले की 2 विकासखंड बरमकेला एवं सारंगढ़ में आईडीए का पायलट प्रोजेक्ट चलाया गया था। इस वर्ष कार्यक्रम को विस्तारित की गई, जिसमें बिलाईगढ़ विकासखंड को भी शामिल किया गया है। फाइलेरिया याने हाथीपांव की बीमारी एक परजीवी के कारण होता है जिसे मादा क्यूलेक्स मच्छर के द्वारा फैलाया जाता है। हाथीपांव की बीमारी के परजीवी जब सूक्ष्म रूप में होता है तभी उसे नष्ट कर सकते है। जवान होने की स्थिति में इसे समाप्त नहीं किया जा सकता। यही कारण है कि परजीवी को नष्ट करने के लिए पूरे समुदाय को आईडीए की दवाई खिलाई जाती है। परजीवी के बड़े होने की स्थिति में मानव शरीर के लासिका तंत्र को बाधित करता है, परिणाम स्वरूप पैरों में सूजन होती है। एक बार पैर में सूजन हो जाने के बाद इसे ठीक नहीं किया जा सकता है। इसलिए फाइलेरिया होने के पहले ही जब सूक्ष्म रूप में परजीवी होता है तब उसे मारा या नष्ट किया जा सकता है। यही कारण है कि समुदाय को एक साथ दवाई खिलाई जाती है।

फाइलेरिया या हाथीपांव उन्मूलन का यह अभियान 4 दिन बूथ में चलाया गया। आंगनवाड़ी केंद्रों,शालाओं, कार्यालयों को बूथ बनाई गई थी जिले में ऐसे 1391 बूथ बनाया गया था। 4 दिन की इस बूथ गतिविधि में 210250 लोगो को दवाई खिलाई गई है, जो कुल लक्षित समूह का 31% है। लक्षित व्यक्तियों की संख्या जिले में 664312 है जिन्हें दवाई खिलाएंगे। इस दवाई को सामने ही खिलाना होता है कई लोग बाद में खा लेंगे दवाई दे दीजिए लेकिन दवा नहीं खाते है जो उचित नहीं है। छोटे बच्चे जो आंगन में घर में नंग पैर खेलते है उन्हें कृमि रोग ज्यादा होता है। बच्चों को यथा संभव मोजे जूते पहना के रखने चाहिए। प्रत्येक शौच के बाद और खाना खाने के पहले हाथ जरूर साफ करना चाहिए। कुछ कृमि के परजीवी जिसे फीता कृमि कहते है। सुअर के मांस खाने से होता है। इसके परजीवी के लिए मनुष्य और सुअर दोनों होस्ट होते है। बारी बारी से दोनों होस्ट में रहता है। यही कारण है कि मनुष्य द्वारा सुअर के मांस खाने पर फीताकृमि होने की संभावना होती है। कृमि रोग को समाप्त करने के लिए स्वच्छता अभियान को अपनाना टॉयलेट का उपयोग करना। टॉयलेट को साफ रखना , घर आंगन को साफ रखना जरूरी होता है। इसी कारण गांव गांव को खुले में शौच मुक्त किया गया है। कृमि रोज का सीधा संबंध रक्त अल्पता या एनीमिया या खून की कमी होता है। फाइलेरिया की दवा पूर्णतः सुरक्षित है। कुछ लोगों को सिर दर्द ,बदन दर्द ,पेट में दर्द की शिकायत होती है, जो शरीर मे माइक्रोफाइलेरिया या कृमि के परजीवी होने के कारण हो सकता है। दवाई खाने के बाद परजीवी मरता है। परिणाम स्वरूप रिएक्शन होता है। ये साइड इफेक्ट दिखता है। कोई भी गोली खाने से जी मिचलाता है। आम तौर पर इसे इलाज करने की जरूरत नहीं होती फिर भी दर्दनाशक गोली एवं एंटासिड की गोली खाई जा सकती है ये गोली स्वास्थ्य कार्यकर्ता, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के पास मिल जाएगा। विशेष परिस्थिति के लिए रैपिड रिस्पॉन्स टीम की गठन भी की गई है। परेशानी होने पर 104 पर भी फोन करके परामर्श ली जा सकती है।

बूथ में दवाई खिलाने पर बाएं हाथ के छोटी उंगली में निशान भी लगाए जा रहे है, जो बूथ में दवाई नहीं खाए है उन्हें 3 मार्च से 10 मार्च तक घर घर जाकर दवाई खिलाई जाएगी। उसके बाद 11 मार्च से 13 मार्च तक जिन्होंने बूथ में और घर में दवाई नहीं खा पाएंगे उन्हें मापअप राउंड चला कर छुटे हुए लोगों को खोज खोज कर आईडीए की दवाई खिलाई जाएगी आईडीए (सामूहिक दवा सेवन अभियान) की इस अभियान में 3 प्रकार की दवाई समाहित है। 2 दवाई उम्र के अनुसार दी जा रही है जबकि एक दवाई को ऊंचाई के अनुरूप दी जा रही है। आईडीए के आई से आशय ईवरमेक्टिन, डी से डीईसी और ए से एलबेंडाजोल दवा है। एलबेंडाजोल की गोली को वर्ष में 2 बार अगस्त और फरवरी में दी जाती है, लेकिन फाइलेरिया नाशक दवाई की वर्ष में एक बार ही दी जानी होती है। तीनों दवाई की कंपोजिशन में दोनों बीमारी को नष्ट करने में सहायक है।

एलबेंडाजोल कृमिनाशक दवा

एलबेंडाजोल कृमि नाशक गोली है, जिसका सीधा संबंध स्वच्छता से होती है। समाज से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने घर, पारा ,गली आदि की स्वच्छ बनाए रखे इससे कृमि मुक्ति को सफल बनाने में सहायक होगी। याद रहे घर में छोटे बच्चे नंगे पैर रहते है। घर में खेलते रहते है कुछ कृमि जो नग्न आंख से नहीं देखी जा सकती वे बच्चो के पैर के माध्यम से शरीर में प्रवेश कर जाता है। कुछ कृमि नग्न आंखों से देखी जा सकती है जैसे एस्केरिस, फीताकृमि जो भोज्य पदार्शो के साथ मुंह के माध्यम से शरीर में प्रवेश कर जाता है। दोनों ही माध्यम से शरीर में प्रवेश करने के बाद आंत को अपना स्थान बनाता है और जीवित रहने के लिए हमारे पोशाक तत्वों का सेवन करते रहता है, जिससे शरीर कमजोर होता है और रक्त अल्पता को बढ़ाते जाता है।

महत्वपूर्ण एवं खास

मंत्री टंकराम वर्मा ने की घोषणा : बिलासपुर में सर्पदंश से 431 मौत की जांच कराई जाएगी

विधायक सुशांत शुक्ला ने उठाया सवाल

जशपुर (आरएनएस)। विधायक सुशांत शुक्ला ने विभाग की ओर से दी गई जानकारी के आधार पर कहा कि सर्पलोक कहे जाने वाले जशपुर में 96 लोगों की सर्पदंश से मौत हुई, जबकि बिलासपुर में 431 लोगों की मौत हो जाती है, जो संभव नहीं। मुआवजे में करोड़ों की गड़बड़ी हुई है, फर्जीवाड़ा किया गया है। विधानसभा अध्यक्ष ने आसंदी से कहा कि सांप फ र्जी था कि आदमी फर्जी था। मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि पहली बार ये जानकारी में आया है। ऐसा है तो विधायक जानकारी दें, इसकी जांच कराई जाएगी। सुशांत शुक्ला ने कहा कि पहले जांच हुई है क्या? जबकि पहले भी शिकायत हुई है। राजस्व और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से करोड़ों का घोटाला हुआ है। इसकी सचिव स्तर के अधिकारी से जांच करायेंगे क्या। मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि मुझे शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर जांच और कार्रवाई दोनों होगी। इसके साथ मंत्री टंकराम वर्मा की सदन में घोषणा कि बिलासपुर में सर्पदंश से 431 मौत की जांच कराई जाएगी।

ऑनलाईन सट्टा संचालित करने वाला सटोरिया गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी की गंज थाना पुलिस ने भारत व आस्ट्रेलिया के मैच के दौरान ऑनलाईन सट्टा का संचालन करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है तथा उसके खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 4(क), धारा 7 जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 04.03.25 को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गंज क्षेत्रांतर्गत स्टेशन रोड नहरपारा के पास 01 व्यक्ति ऑनलाईन स्ट्टा संचालित कर रहा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना गंज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम सूरज दुबे निवासी गंज रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखे मोबाईल फोन की जांच करने पर आरोपी द्वारा मोबाईल फोन में आई.डी. एवं कॉल के माध्यम से भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया के चैम्पियन्स ट्रॉफ ी मैच में ऑनलाईन सट्टा संचालित करना पाया गया है। जिस पर आरोपी सूरज दुबे को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 02 नग मोबाईल फ ोन, नगदी रकम 54,000 रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना गंज में धारा छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 4(क), धारा 7 जुआ एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

जिले भर में किसान आईडी एवं आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए होगा शिविर

❐ कलेक्टर ने जिले के नागरिकों को शिविर का लाभ उठाने की अपील

सारंगढ़ बिलाईगढ़

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देशन और सतत् प्रयास से जिले में किसान आईडी हेतु किसानों के पंजीकरण, आयुष्मान कार्ड बनाने तथा अन्य महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए गांव और शहर में मुनादी कराई जा रही है। कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तर के अधिकारियों की बैठक लेकर इस अभियान को प्रभावी रूप से लागू करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर धर्मेश साहू ने कहा कि इस अभियान के तहत किसानों का पंजीकरण (फॉर्मर रजिस्ट्रेशन) किया जाएगा, जिससे वे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मिट्टी स्वास्थ्य कार्ड, कृषि यंत्रीकरण योजना जैसी केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ प्राप्त कर सकेंगे। इस उद्देश्य से जिले के सभी ग्राम पंचायतों में विशेष कैंप (शिविर) आयोजित किए जाएंगे, जहां किसानों का किसान आईडी बनाया जाएगा।कलेक्टर ने जिले के सभी किसानों एवं नागरिकों से अपील किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन शिविरों में पहुँचकर योजनाओं का लाभ उठाएँ और अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ समय पर पंजीकरण कराएँ।

किसान पंजीकरण हेतु आवश्यक दस्तावेज : किसान आईडी के लिए जिन दस्तावेज की आवश्यकता है उनमें आधार कार्ड, बैंक पासबुक या भूमि का बी-1, मोबाइल नंबर शामिल है।

कैसे मिलेगा लाभ

किसानों को शिविर में पहुंचकर अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। पंजीकरण की प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए ग्राम पंचायत सचिव, पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं किसान मित्र को जिम्मेदारी सौंपी गई है, ताकि सभी किसान शिविर में पहुँचकर अपना किसान आईडी बना सकें।

इसके अलावा, आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनाने की भी व्यवस्था इन शिविरों में की जाएगी। इस योजना का लाभ उठाने के लिए नागरिकों को अपना राशन कार्ड एवं आधार कार्ड साथ लाना होगा। इससे वे सरकारी एवं सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में 5 लाख रुपए के निःशुल्क चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे।

शिविर में अन्य सेवाएँ:

- आधार कार्ड से संबंधित सुधार एवं अपडेट
- विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं पंजीकरण
- स्वास्थ्य एवं चिकित्सा से जुड़ी सेवाएँ

अधिकारियों की निगरानी : सभी ग्रामों में आयोजित इन शिविरों की निगरानी उप संचालक कृषि, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी एवं तहसीलदार द्वारा की जाएगी। साथ ही, स्वास्थ्य संबंधी कार्यों की समीक्षा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ), विकासखंड चिकित्सा अधिकारी एवं डीपीएम द्वारा की जाएगी।

मोबाईल दुकान में चोरी करने वाले के आरोप में एक गिरफ्तार

कोरबा । आरएनएस

जिले के हरदी बाजार थाना क्षेत्र में एक मोबाइल दुकान में चोरी करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से चोरी गया माल मशरूका बरामद किए गए हैं। कथित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। जानकारी के अनुसार 28 फरवरी को राधे मोबाईल रिपेयरिंग दुकान संचालक राधेश्याम राठौर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 25 फरवरी की रात 9 बजे दुकान बंद कर अपने घर चला गया था। 28 फरवरी को सुबह लगभग 9 बजे दुकान गया तो देखा कि मोबाईल दुकान का ताला टूटा हुआ था दुकान के अंदर जाकर देखा तो पुराने मोबाईल जो ग्राहक द्वारा रिपेयरिंग के लिए दिया गया करीबन 6-7 नग तथा ब्लूटूथ ईयर फोन, अन्य सामग्री एवं नगदी रकम 10000 रूपये जुमला करीबन 18000 रूपये को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है।

प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 23-2025 धारा 331 (4), 305 बीएनएस पंजीबद्ध कायम कर जांच पड़ताल शुरू की गई। विवेचना दौरान उक्त संदेही से घटना के संबंध में पूछताछ करने पर उसने जुर्म करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जा से चोरी हुए मशरूका बरामद किया गया।

सारंगढ़ में 8 मार्च और बरमकेला में 12 मार्च को होगा जनपद पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनाव

सारंगढ़ बिलाईगढ़

छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 के धारा 25 के तहत जनपद पंचायत सारंगढ़ के लिए डिप्टी कलेक्टर अनिकेत साहू को पीठासीन अधिकारी और सीईओ सारंगढ़ राधेश्याम नायक को सहायक पीठासीन अधिकारी नियुक्त हैं। 8 मार्च को सुबह 11 बजे जनपद पंचायत सारंगढ़ के सभाकक्ष में जनपद पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का निर्वाचन होगा। इसी तरह बरमकेला जनपद पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष निर्वाचन के लिए कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने एसडीएम सारंगढ़ प्रखर चंद्राकर को पीठासीन अधिकारी और सीईओ बरमकेला अजय कुमार पटेल को सहायक पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया है। जनपद पंचायत बरमकेला के सभाकक्ष में 12 मार्च को 11 बजे से निर्वाचन की कार्यवाही संपन्न करने के लिए कलेक्टर ने अधिकारियों को आदेश जारी किए हैं। उल्लेखनीय है कि पूर्व में जारी आदेश में बरमकेला के जनपद पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए 7 मार्च निर्धारित था,जिसे संशोधित किया गया है।

तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से नाबालिग की मौत

कोरबा । आरएनएस

कोरबा सक्ती मार्ग भैसमा बाजार चैक के समीप तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर स्कूटी को ठोकर मारते हुए दिवाल में टकरा गया। जिसमें स्कूटी सवार नाबालिग की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना कल रात 9 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक बेंदरकोना निवासी परमेश्वर कंवर उम्र 16 वर्ष कल अपने परिजनों के साथ भैसमा के एक कपड़ा दुकान में कपड़ा लेने आया हुआ था वहीं परिजन कपड़ा ले रहे थे। मृत नाबालिग बाहर स्कूटी में बैठकर मोबाइल चला रहा था। तभी तेज रफ्तार ट्रक अचानक से परमेश्वर को ठोकर मारते हुए दीवार से टकरा गया। आनन-फानन में 112 की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया जिसमें रास्ते में ही परमेश्वर ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। प्रकरण में पोस्टमार्टम रिपोर्ट के साथ अगली कार्यवाही की जाएगी।

जिले में जनवरी महीने में पूरे 31 दिन तक ट्रैफिक पुलिस ने सडक सुरक्षा माह संचालित किया। कई प्रकार के कार्यक्रम इस अवधि में किए गए। वाहन चालकों को सडक सुरक्षा के नियमों का पालन करने के बारे में बताया गया। जन सामान्य में भी चेतना लाई गई। इस पर भी नाबालिग दोपहिया का इस्तेमाल करते नजर आ रहे हैं। इन मामलों में उनके अभिभावक भी लापरवाह बने हुए हैं। पूरे मामले में जब तक कठोर कार्रवाई नहीं होगी, तस्वीर बदलने से रही।

हत्या के दो आरोपी जेल से भागे, मचा हड़कंप

भिलाई-रायपुर । आरएनएस

केंद्रीय जेल दुर्ग में हत्या के मामले में सजा काट रहे दो कैदी पैरोल पर जेल से बाहर तो आए लेकिन वापस नहीं पहुंचे। इसके बाद पद्मनाभपुर पुलिस ने दोनों के खिलाफ जेल से फरार होने का मामला दर्ज किया गया है। दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों कैदियों पर इनाम घोषित किया है। पद्मनाभपुर पुलिस ने बताया कि पथर्रा गांव निवासी नाहुस भारती (36 वर्ष) और हाउसिंग बोर्ड जामुल निवासी जयपाल सिंह को हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। दोनों दुर्ग केंद्रीय जेल में सजा काट रहे थे। दोनों हत्यारों ने न्यायालय से पैरोल पर बाहर आने की मांग की थी। कोर्ट ने नाहुस भारती की याचिका पर सुनवाई करते हुए उसे 21 मई 2022 को 14 दिन की पैरोल दिया था। न्यायालय के आदेश के मुताबिक दोनों को 7 जून 2022 तक जेल वापस आना था लेकिन वह नहीं लौटा। इसी तरह दूसरे मामले में हाउसिंग बोर्ड जामुल निवासी जयपाल सिंह को कोर्ट से 30 दिसंबर 2023 को पैरोल मिली थी। जिसे 16 जनवरी 2024 तक जेल में पहुंचना था लेकिन वो भी जेल में नहीं पहुंचा। जब पुलिस ने दोनों के घर में दबिश दी तो पता चला कि दोनों जेल से बाह आने के बाद फरार हो गए हैं। एएसपी सिटी सुखनंदन राठौर ने कहा कि किसी बंदी को जब पैरोल पर छोड़ा जाता है तो उसे एक नियत तिथि में जेल वापस लौटना पड़ता है। निश्चित समय अवधि में वापस नहीं आने पर संबंधित थाना में उसके खिलाफ मामला दर्ज किया जाता है। पद्मनाभपुर पुलिस ने इसी तरह के 2 फरार कैदियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला ने दोनों फरार कैदियों को पकडऩे के लिए 10-10 हजार रुपए के इनाम की घोषणा की है। इसके साथ ही दुर्ग पुलिस दोनों अपराधियों को पकडऩे के लिए लगातार छापामार कार्रवाई कर रही है।

छत्तीसगढ़ सरकार के बजट में रायपुर जिले के लिए की अनेक घोषणाए , करोड़ों की सौगात मिलने से राजधानीवासी हर्षित

रायपुर । आरएनएस

छत्तीसगढ़ सरकार के आम बजट में रायपुर जिले के लिए अनेक घोषणाएं की गई हैं। इनमें नया रायपुर में 200 करोड़ रूपए की परियोजना लागत के साथ एक प्रतिष्ठित डेस्टिनेशन और वेलनेस-वाइल्डलाइफ-वाटर टूरिस्ट सुविधा विकसित करने के लिए प्रावधान। प्लग एंड प्ले ऑफिस स्पेस, कमर्शियल ऑफिस कॉम्पलेक्स निर्माण के लिए 156 करोड़ का प्रावधान, इंटिग्रेटेड कमान एंड कन्ट्रोल सेंटर आईसीसीसी के उन्नयन, संचालन एवं संधारण कार्य के लिए 40 करोड़ का प्रावधान, ई-बस सेवा के लिए 10 करोड़, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए 20 करोड़, साइंस सिटी स्थापना के लिए 37 करोड़, पुस्तकालय निर्माण के लिए 20 करोड़, नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ फैशन टेक्नालाजी (निफ्ट) का 50 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

नवा रायपुर में एक नए पॉवर सबस्टेशन के लिए 20 करोड़ रूपए का राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मेडिकल संस्थान के लिए लगभग 100 एकड़ में मेडिसिटी तथा लगभग 100 एकड़ में एडुसिटी विकसित का बजटीय प्रावधान है। इसके अलावा नवा रायपुर में राष्ट्रीय शहरीय प्रबंधन संस्थान की स्थापना, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के कार्यालय के लिए रियायती दर पर भूमि आवंटित करने का प्रावधान भी किया गया है।

इस बजट में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करते हुए रायपुर शहर स्थित डॉ. भीमराव अस्पताल में उन्नत कार्डियक संस्थान के आधुनिकीकरण के लिए 10 करोड़ तथा एमआरआई सिटी स्केन मशीन खरीदी के लिए 35 करोड़ का प्रावधान तथा सरोना में 100 बिस्तर के अस्पताल का बजटीय प्रावधान किया गया है। साथ ही गरीब नि:संतान दंपत्तियों के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रायपुर में आईवीएफ सुविधा के लिए 10 करोड़ तथा रायपुर मेडिकल कॉलेज के कैंसर विभाग एवं अन्य विभागों में स्वास्थ्य उपकरणों की खरीदी के लिए 20 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

रायपुर में राष्ट्रीय स्तर की एकीकृत खाद और औषधी प्रयोगशाला की स्थापना के लिए 47 करोड़ रूपए, राज्य की राजधानी क्षेत्रीयं (एससीआर) कार्यालय, सेटअप और सर्वेक्षण के लिए प्रावधान जिसमें रायपुर-दुर्ग मेट्रो लाईन का सर्वेक्षण शामिल है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU